प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रयागराज पहुंच कर संगम में किया पवित्र स्नान : कहा– भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है महाकुंभ।
2. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वॉर रूम से आज माघ पूर्णिमा से पहले रेलवे की तैयारियों को परखा : कहा– प्रयागराज संगम स्टेशन को छोड़कर अन्य आठ स्टेशनों पर ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से जारी।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से की बातचीत : समग्र विकास के लिए समय प्रबंधन और शिक्षा के महत्व पर दिया जोर।

और

4. सिपाही नागरिक पुलिस के लगभग 60 हज़ार पदों के लिए आज से शुरू हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा : 27 फरवरी तक रोजाना करीब 10 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रयागराज पहुंच कर संगम में पावन स्नान किया और देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। राष्ट्रपति ने स्नान के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि श्रद्धा और विश्वास का यह विशाल समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत

और जीवंत प्रतीक है। महाकुंभ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज सुबह प्रयागराज पहुंची जहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति अरैल घाट पहुंचीं, जहां से क्रूज पर सवार होकर वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें महाकुम्भ के आयोजन और इससे जुड़ी अनेक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी। त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सपरिवार विधिवत पूजा अर्चना की। संगम स्नान के बाद राष्ट्रपति ने अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर के दर्शन किये। इसके बाद उन्होंने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————

महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु के पहुंचने का सिलसिला जारी है। आज शाम तक पवित्र संगम में लगभग एक करोड़ दस लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। इसी क्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी आज परिवार संग त्रिवेणी में पवित्र स्नान किया। उन्होंने इसे धार्मिक महापर्व बताया। श्री धामी ने कहा कि हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुम्भ को भी उनकी सरकार प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाने की कोशिश करेगी। बाइट....

*संगम में आकर डुबकी लगाई है और मैं अपने को सौभाग्यशाली मानता हूँ की मुझे भी इन करोड़ो करोड़ो लोगों के साथ यहाँ पर आस्था की डुबकी लगाने का अवसर मिला है। हरिद्वार का दो हज़ार सत्ताईस में प्रस्तावित है कुंभ उसकी हम लोग पूरी तैयारी प्रारंभ हमने कर दी है और हमारा प्रयास*

*रहेगा वो भी एक ऐतिहासिक और सभी के लिए सुविधाजनक कुंभ का आयोजन होगा।*

———————

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज माघी पूर्णिमा स्नान के पहले दिल्ली स्थित वॉर रूम से प्रयागराज में रेलवे की तैयारियों का जायजा लिया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रयागराज संगम स्टेशन इस महीने की 14 तारीख तक यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद है, लेकिन अन्य आठ स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिय व्यापक प्रबंध किये गये हैं। बाइट....**

प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर आठ स्टेशन पर बहुत अच्छे से रेलवे का व्यवस्थित तरीके से काम चल रहा है। राज्य प्रशासन के साथ मेला प्रशासन के साथ मिल के एकदम कोआर्डिनेटेड वे में चल *रहा है। कल प्रयागराज जंक्शन से तीन सौ तीस गाड़ियां निकली है और आज भी बहुत ही व्यवस्थित तरीके से चल रहा है। जैसा आपने वॉर रूम के इसमें देखेंगे। कहीं पे कोई दिक्कत नहीं है। अगर कहीं पर कोई डमर्स फैलाने की कोशिश करे तो उस पर ध्यान नहीं देना है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से चल रहा है।*

———————

**महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में काशी पहुंच रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में करीब 50 लाख भक्तों ने बाबा के दर्शन किए हैं। वहीं महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान के बाद कई अखाड़ों के साधु संत भी वाराणसी पहुंच रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*प्रयागराज से लौटे तीर्थयात्रियों के कारण श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों के पिछले सारे कीर्तिमान टूट रहे हैं। यह पहला मौका है जब फरवरी के पहले नौ दिन में ही करीब 50 लाख भक्तों ने बाबा का दर्शन किया है। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार प्रतिदिन 4 से 5 लाख से  ज्यादा श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर रहे है।वही काशी के विभिन्न घाटों ,मठों में नागा साधु भी जम गए है। पौष पूर्णिमा 12 फरवरी को जूना अखाड़ा की तरफ से पेशवाई निकाली जाएगी। वहीं महाशिवरात्रि केदिन शाही सवारी निकाली जाएगी। हनुमान घाट से निकाली जाने वाली शाही सवारी में आवाहन अखाड़ा और अग्नि अखाड़ा के संत–महात्मा भी शामिल होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव

और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से बात की। बाइट.....

*बैट्समैन उस प्रेशर की परवाह नहीं करता। येस सर। उसका पूरा ध्यान उस बॉल पर होता है। अगर आप भी इस प्रेशर को मन में न लेते हुए, अपना ध्यान, आज मैंने इतना पढ़ना तय किया था, ये अगर कर लेते हैं, आप आराम से उस प्रेशर में से भी अपने आपको निकाल सकते हैं।*

प्रधानमंत्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है। बाइट.....

*पोषण में शरीर की वेलनेस के लिए, फिटनेस के लिए, नींद का बहुत महत्व है और इन दिनोंतो पूरा मेडिकल सांइस इस बात पर केन्द्रित हो रहा है कि जो पेशेंट आता है, उसकी नींद कैसी है, कितने घंटे सोता है, ये सारे सवालों का बहुत गहराई से अध्ययन करना।*

प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दबाव से तनाव मुक्त होकर तैयारी करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करने को कहा। बाइट.....

*सर चाहूंगा कि आप हमारा मार्गदर्शन करें कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का सदुपयोग कर सकते हैं। आप उस युग में बड़े हो रहे हैं, जिस युग में इतनी बड़ी मात्रा में टेक्नोलॉजी का फैलाव है, प्रभाव है, हर उपयोग और इसलिए टेक्नोलॉजी से भागने की जरूरत नहीं है, लेकिन आपको तय करना होगा कि क्या मैं रील देखता रहता हूं क्या, उसी में समय जाता है क्या मेरा या मुझे इस चीज में रूचि है, उसकी बारिकियों में जाऊं, उसके एनालिसिज में जाऊं, तो टेक्नोलॉजी एक ताकत बनेगी।*

इस कार्यक्रम में उन्नाव की छात्रा अनन्या बाथम को प्रधानमंत्री से सीधा संवाद करने का मौका मिला। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेशभर के विभिन्न स्कूलों में देखा गया। वाराणसी की छात्रा अलीज़ा अंसारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में जो टिप्स प्रधानमंत्री ने दिए वो छात्रों के लिए बहुत उपयोगी हैं। बाइट.....

*हमने अपने स्कूल में लाइव देखा उसमें उन्होंने बहुत सारी यूजफुल चीज़ें बताई हमारे हेल्थ को ले के वो कॉन्शियस है हमारी स्लीप को ले के वो कॉन्शियस है हमारी डाइट को लेकर वो कॉन्शियस है और उन्होंने हमें बताया कि हमें सूर्य नमस्कार करना चाहिए। सुबह सुबह हमें दस बार डीप ब्रीथ लेना चाहिए तो और एनवायरनमेंट को लेकर भी उन्होंने काफी सारी चीज़ें बताई तो ये बहुत यूजफुल था।*

——————

सिपाही नागरिक पुलिस के लगभग 60 हज़ार पदों पर भर्ती के लिए दौड़ की परीक्षा आज से शुरू हो गई है। भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण के तहत होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल होगा और चरित्र प्रमाण जमा किए जाएंगे। इस परीक्षा में रोजाना करीब 10 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। 27 फरवरी तक चलने वाली इस परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनट में 4.8 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनट में 2.4 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी।

——————

**38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स टीम ने फाइनल मुकाबले में दूसरा स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में आज महिला लंबी कूद में दीपांशी सिंह ने कांस्य पदक जीता। रजत पदक विजेता बनी जिम्नास्टिक की टीम को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने आज सम्मानित किया। राष्ट्रीय खलों में उत्तर प्रदेश ने अब तक 11 स्वर्ण, 12 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 35 पदक अपने नाम किए हैं और पदक तालिका में 11वें स्थान पर चल रहा है।**

(समाप्त)